अर्थ प्रकाश
13-08-2025

# तिरंगा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज नहीं, हमारी पहचान है : राम पाल सैनी

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया



**जींद, 12 अगस्त।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद में राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर से हुई, जहां कुलपति प्रो. (डॉ.) राम पाल सैनी ने विद्यार्थियों को तिरंगा की महता को बताते हुए राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए प्रेरित करते हुए, तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में देशभक्ति के गीतों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें प्रतिभागियों ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारों से परिसर गुंजायमान कर दिया। यात्रा का समापन स्वतंत्रता सेनानी चौधरी रणबीर सिंह और शहीद कैप्टन पवन कुमार की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

कुलगुरु प्रो. (डॉ.) रामपाल सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि तिरंगा केवल हमारे राष्ट्र का ध्वज नहीं, बल्कि हमारी पहचान, हमारे इतिहास और हमारी एकता का जीवंत प्रतीक है। यह हमें उन अनगिनत बलिदानों की याद दिलाता है, जिनकी बदौलत आज हम स्वतंत्र हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने कर्तव्यों को निष्ठा से निभाया, समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आएं और राष्ट्र की प्रगति में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उनका कहना था कि तिरंगा हमें प्रेरित करता है कि हम जाति, धर्म और भाषा से ऊपर उठकर केवल भारतीय बनें।

कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल देशभक्ति की भावना को प्रबल करते हैं, बल्कि हमें यह भी याद दिलाते हैं कि आजादी को बनाए रखना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना इसे पाना था। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को भी समझने की प्रेरणा दी।

INDIA TIMER
13-08-2025

# सीआरएसयू ने निकाली तिरंगा यात्रा

## राष्ट्र की प्रगति में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं युवा : वीसी सैनी



**जींद, ब्यूरो (इंडिया टाइमर) :** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद में राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर से हुई, जहाँ कुलपति प्रो. राम पाल सैनी ने विद्यार्थियों को तिरंगा की महता को बताते हुए राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए प्रेरित करते हुए, तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में देशभक्ति के गीतों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें प्रतिभागियों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से माहौल गुंजायमान कर दिया। यात्रा का समापन स्वतंत्रता सेनानी चौधरी रणबीर सिंह और शहीद कैप्टन पवन कुमार की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि तिरंगा केवल हमारे राष्ट्र का ध्वज नहीं, बल्कि हमारी पहचान, हमारे इतिहास और हमारी एकता का जीवंत प्रतीक है। यह हमें उन अनगिनत बलिदानों की याद दिलाता है, जिनकी बदौलत आज हम स्वतंत्र हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने कर्तव्यों को निष्ठा से निभाएं, समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आएं और राष्ट्र की प्रगति में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उनका कहना था कि तिरंगा हमें प्रेरित करता है कि हम जाति, धर्म और भाषा से ऊपर उठकर केवल भारतीय बनें। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल देशभक्ति की भावना को प्रबल करते हैं, बल्कि हमें यह भी याद दिलाते हैं कि आजादी को बनाए रखना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना इसे पाना था। इस मौके पर डॉ. राकेश सिहमार, डॉ. जगपाल मान, डॉ. देवेंद्र यादव, डॉ. ज्योति मालिक, अमित लाठर व गौरव कौशिक का सक्रिय सहयोग रहा।

हरिभूमि
13-08-2025



जींद। तिरंगा यात्रा के दौरान मौजूद वीसी। फोटो : हरिभूमि

# राष्ट्र का सम्मान और गौरव का प्रतीक तिरंगा

- सीआरएसयू में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर से हुई। जहां कुलपति प्रो. डा. राम पाल सैनी ने विद्यार्थियों को तिरंगा की महत्ता को बताते हुए राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए प्रेरित करते हुए तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। विश्वविद्यालय परिसर में देशभक्ति के गीतों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें प्रतिभागियों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से माहौल गुंजायमान कर दिया। समापन स्वतंत्रता सेनानी चौधरी रणबीर सिंह और शहीद कैप्टन पवन कुमार की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कुलगुरु प्रो. डा. रामपाल सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि तिरंगा केवल हमारे राष्ट्र का ध्वज नही बल्कि हमारी पहचान, हमारे इतिहास और हमारी एकता का जीवंत प्रतीक है। यह हमें उन अनगिनत बलिदानों की याद दिलाता है। जिनकी बदौलत आज हम स्वतंत्र हैं। युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने कर्तव्यों को निष्ठा से निभाएं समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आएं और राष्ट्र की प्रगति में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उनका कहना था कि तिरंगा हमें प्रेरित करता है कि हम जाति, धर्म और भाषा से ऊपर उठ कर केवल भारतीय बनें। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल देशभक्ति की भावना को प्रबल करते हैं बल्कि हमें यह भी याद दिलाते हैं कि आजादी को बनाए रखना उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना इसे पाना था। शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को भी समझने की प्रेरणा दी। डा. नवीन लडवाल ने कहा कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य देश व समाज के प्रति समर्पण है।

दैनिक भास्कर
ई-पेपर
13-08-2025

महोत्सव • आजादी के अमृत महोत्सव के तहत निकाली तिरंगा यात्रा

# तिरंगा केवल ध्वज नहीं, हमारी पहचान और एकता का प्रतीक है : कुलपति

भास्कर न्यूज | जींद

सीआरएसयू में मंगलवार को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई। कुलपति प्रो. राम पाल सैनी ने तिरंगे की महत्ता बताते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्र के लिए समर्पण की प्रेरणा दी। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। यात्रा का समापन स्वतंत्रता सेनानी चौधरी रणबीर सिंह और शहीद कैप्टन पवन कुमार की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

कुलपति प्रो. सैनी ने कहा कि तिरंगा केवल ध्वज नहीं, हमारी पहचान और एकता का प्रतीक है। यह हमें उन बलिदानों की याद दिलाता है, जिनसे हमें आजादी मिली। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे अपने कर्तव्यों को निष्ठा से निभाएं। समाज में बदलाव लाएं और राष्ट्र की प्रगति में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमें जाति, धर्म और भाषा से ऊपर उठकर भारतीय बनने की प्रेरणा देता है। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि ऐसे आयोजन देशभक्ति की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि आजादी को बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है, जितना उसे पाना था। इस मौके पर डॉ. राजेश बंसल, डॉ. कुलदीप नारा, डॉ. राकेश सिहमार, डॉ. जगपाल मान, डॉ. नवीन लड़वाल, डॉ. देवेंद्र यादव, डॉ. ज्योति मलिक, अमित लाठर और गौरव कौशिक आदि मौजूद रहे।



आजादी के अमृत महोत्सव के तहत तिरंगा यात्रा निकालते में भाग लेते हुए।

पंजाब केसरी
13-08-2025

# तिरंगा राष्ट्र का गौरव है : प्रो. रामपाल सैनी

जींद, 12 अगस्त (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय परिसर से हुई, जहां कुलपति प्रो. (डॉ.) रामपाल सैनी ने विद्यार्थियों को तिरंगे की महत्ता को बताते हुए राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए प्रेरित करते हुए, तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



तिरंगा यात्रा दौरान मौजूद वी.सी.।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में देशभक्ति के गीतों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें प्रतिभागियों ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारों से माहौल गुंजायमान कर दिया। यात्रा का समापन स्वतंत्रता सेनानी चौधरी रणबीर सिंह और शहीद कैप्टन पवन कुमार की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

कुलगुरु प्रो. (डॉ.) रामपाल सैनी ने कहा कि तिरंगा केवल हमारे राष्ट्र का ध्वज नहीं, बल्कि हमारी पहचान, हमारे इतिहास और हमारी एकता का जीवंत प्रतीक है। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल देशभक्ति की भावना को प्रबल करते हैं, बल्कि हमें यह भी याद दिलाते हैं कि आजादी को बनाए रखना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना इसे पाना था। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को भी समझने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नवीन लड़वाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य समाज में सेवा, एकता और समर्पण की भावना को बढ़ावा देना है। तिरंगा यात्रा इसका एक सुंदर उदाहरण है, जिसमें हर उम्र और वर्ग के लोग एक साथ आए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी और कर्मचारी डॉ. राकेश सिहमार, डॉ. जगपाल मान, डॉ. देवेंद्र यादव, डॉ. ज्योति मालिक, अमित लाठर व गौरव कौशिक का सक्रिय सहयोग रहा, जिनके प्रयासों से यह आयोजन और भी प्रभावशाली बन सका।

यात्रा में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**जींद (संजीव) :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भौंगरा के प्राचार्य प्रवेश खापड़ा ने तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर विद्यालय के मुख्य द्वार से रवाना किया।

विद्यार्थियों के हाथ में तिरंगा झंडा, कैप, तिरंगी पट्टियां लगाकर देशभक्ति के वातावरण का निर्माण करने वाले नारों से गांव की गलियों को गुंजायमान किया गया। रैली के माध्यम से बच्चों में संस्कार देश की कुर्बानियों के इतिहास को जानने की इच्छा तथा हर घर तिरंगा लगने की प्रेरणा देना रहा है।

रैली के संयोजक नवीन सरोहा रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मा. रामप्रसाद, विजेंद्र सिंह, अमित कुमारी, अनिल देवी, रेखा, वरिष्ठ प्रवक्ता गुलशन कुमार, रामपाल, पवन कुमार, मंदीप कुमार मौजूद रहे।



भौंगरा गांव में तिरंगा यात्रा को रवाना करते हुए प्राचार्य प्रवेश खापड़ा।

पंजाब केसरी
Wed, 13 August 2025
https://mpaper.punjabkesari.com/

# सीआरएसयू ने निकाली तिरंगा यात्रा



**जींद,**संजय शर्मा(पंजाब केसरी): चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद में राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर से हुई, जहाँ कुलपति प्रो. राम पाल सैनी ने विद्यार्थियों को तिरंगा की महता को बताते हुए राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए प्रेरित करते हुए, तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में देशभक्ति के गीतों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें प्रतिभागियों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से माहौल गुंजायमान कर दिया। यात्रा का समापन स्वतंत्रता सेनानी चौधरी रणबीर सिंह और शहीद कैप्टन पवन कुमार की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि तिरंगा केवल हमारे राष्ट्र का ध्वज नहीं, बल्कि हमारी पहचान, हमारे इतिहास और हमारी एकता का जीवंत प्रतीक है। यह हमें उन अनगिनत बलिदानों की याद दिलाता है, जिनकी बदौलत आज हम स्वतंत्र हैं।

जागरण 13-08-2025




## हर घर तिरंगा...

हर घर तिरंगा अभियान के तहत चौधरी रणबीर सिंह विवि में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल वीसी प्रोफेसर आरपी सैनी अन्य अधिकारियों व विद्यार्थियों के साथ। (संबंधित समाचार पेज III पर) ● सौ. विवि

# कुलपति ने विद्यार्थियों को बताया तिरंगे का महत्व

जासं ● जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर से हुई। कुलपति प्रोफेसर डा. राम पाल सैनी ने विद्यार्थियों को तिरंगा की महत्ता को बताया। राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए प्रेरित करते हुए, तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में देशभक्ति के गीतों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का समापन स्वतंत्रता सेनानी चौधरी रणबीर सिंह और बलिदानी कैप्टन पवन कुमार की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। डा. सैनी ने कहा कि तिरंगा केवल हमारे राष्ट्र का ध्वज नहीं, बल्कि हमारी पहचान, हमारे इतिहास और हमारी एकता का जीवंत प्रतीक है। यह हमें उन अनगिनत बलिदानों की याद दिलाता है, जिनकी बदौलत आज हम स्वतंत्र हैं। उनका कहना था कि तिरंगा हमें प्रेरित करता है कि हम जाति, धर्म और भाषा से ऊपर उठकर केवल भारतीय बनें। कुलसचिव प्रोफेसर लवलीन मोहन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम नहीं केवल देशभक्ति की भावना को प्रबल करते हैं, बल्कि हमें यह भी याद दिलाते हैं कि आजादी को बनाए रखना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना इसे पाना था।

अमर उजाला

13-08-2025

# तिरंगा राष्ट्र का गौरव है : प्रो. राम



तिरंगा यात्रा में शामिल होते स्टाफ के सदस्य और विद्यार्थी। स्रोत : सीआरएसयू

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर से हुई। कुलपति प्रो. डॉ. राम पाल सैनी ने विद्यार्थियों को तिरंगा की महता को बताते हुए राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए प्रेरित करते हुए तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डॉ. राकेश सिहंमार, डॉ. जगपाल मान, डॉ. देवेंद्र यादव, डॉ. ज्योति मालिक, अमित लाठर व गौरव कौशिक भी मौजूद रहे। संवाद